आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :434 पृष्ठ –4 दिनांक 25 मार्च 2025 दिन मंगलवार

## योगी सरकार के 8 साल पूरे, सीएम ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड गिनाई उपलब्धियां

### उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के सोमवार को आठ साल पूरे हुए

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार के सोमवार को आठ साल पूरे हो गए हैं. सरकार के आठ साल पूरे होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया है. उनके साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे. इसके अलावा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे हैं.सीएम आदित्यनाथ ने अपनी सरकार के 8 साल पूरा होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश सूचना विभाग की बुकलेट का विमोचन किया. इस बुकलेट का विमोचन लखनऊ में किया गया. दरअसल, योगी आदित्यनाथ ने पहली बार 2017 में राज्य की कमान संभाली थी. इसके बाद से वह लगातार 8 साल अब मुख्यमंत्री रह चुके हैं. सरकार के ओर से जारी इस बुकलेट में 8 सालों के कामकाज के आधार पर रिपोर्ट कार्ड जारी किया गया है. सरकार के 8 साल पूरे होने पर सीएम योगी ने निर्देश दिया है कि केंद्र सरकार



और यूपी सरकार ने श्सेवा, सुरक्षा और सुशासनश की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं. इन उपलब्धियों से आमजन को अवगत कराने के लिए 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 को सभी जनपदों में श्जनपदीय विकास उत्सवश आयोजित किए जाने हैं. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियों तथा जनहित में क्रियान्वित कल्याणकारी योजनाआ परियोजनाओं कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी के आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं. साथ ही जनपद में लोकार्पित एवं शिलान्यास की गईं समस्त परियोजनाओं के शिलापट्ट (रिप्लिका) की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाए. बता दें कि 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 325 सीटों पर जीत दर्ज की थी. जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की फिर से सरकार बनी और इस बार गठबंधन ने 275 सीटों पर जीत दर्ज की थी

### सौरभ राजपूत हत्याकांड का जिक्र कर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य . महिला से बोले– ज्यादा तीन पांच किया तो ड्रम

उत्तर प्रदेश स्थित मेरठ में सौरभ राजपूत हत्याकांड की हर ओर चर्चा है. हत्याकांड के आरोपी मुस्कान और साहिल फिलहाल जेल में हैं. पुलिस उन्हें जल्द ही पांच दिन की रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट के पास जा सकती है. इस बीच कथावाचक अनिरुद्धाचार्य ने एक महिला के सवाल के जवाब में मेरठ की खौफनाक वारदात का जिक्र किया. अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि आजकल विवाह एक धंधा हो गया है.कथा में आई एक महिला के प्रश्न का जवाब देते हुए अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि आजकल का सबसे बढ़िया बिजनेस है शादी करो और महीने भर बाद तलाक का केस डाल लो. तो बड़ी पार्टी है तो करोड़ दो करोड़ में सेट हो जाता है. वरना 10 20 लाख तो कहीं नहीं गए और ज्यादा तीन पांच किए तो तुम ड्रम के अंदर पाए जाओगे.कथावाचक ने महिला और अन्य श्रोताओं को सलाह देते हुए कहा कि विवाह जान पहचान में ही करना चाहिए. उन्होंने कहा– किसी नए लड़के के साथ किसी नई लड़की के साथ कभी विवाह मत करो. फिर कैसे करें? उस लड़की के साथ विवाह करो, उस लड़के के साथ विवाह करो जिस लड़की लड़के को आप लोग जानते हैं मतलब आपके दोस्तों की परिवार की कहीं आसपास गांव मोहल्ले के अगल बगल के लोगों से ही.कथावाचक ने कहा कि आजकल तो ऑनलाइन खोज कर ले आते हैं. जानते है नहीं और आई और सीधा चार महीने बाद सीधा कोर्ट केस. पैसे दो. सबसे बड़ा धंधा बिजनेस सबसे बढ़िया चलने वाला बिजनेस आजकल दहेज केस वाला चल रहा है. बहुत सारी लड़कियों ने धंधा बनाया. एक अखबार में मैंने पढ़ा के लड़की छह जगह शादी की छह लोगों से दहेज केस लगाई और मेंटेनेंस छह जगह से ले रही थी और सातवें के साथ मस्त रह रही थी

### उत्तर प्रदेश के बलिया स्थित नगरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में एक युवती का शव पेड़ से लटकता मिला

उत्तर प्रदेश के बलिया स्थित नगरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में एक युवती का शव पेड़ से लटकता मिला है. इससे इलाके में सनसनी फैल गई है. युवती के दोनों हाथ पीछे बंधे हुए थे. पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है.पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि सुबह करीब 7रू30 बजे एक सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बच्ची का शव पेड़ पर लटका हुआ है. फील्ड यूनिट, थाने की पुलिस और क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी एडिशनल एसपी के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे.उन्होंने बताया कि मृतका के हाथ पीछे बंधे थे और पैर जमीन से छह फीट ऊपर थे. उसके माता–पिता इलाज के लिए पीजीआई गए हुए हैं. बच्ची घर में अकेली रह रही थी. उसके घर के सामनेदूसरेघरभीहैं.ओमवीर सिंह ने बताया कि गांव वालों से पूछताछ की गई है, लेकिन कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है. पुलिस माता–पिता के आने का इंतजार कर रही है. मृतका का भाई गुजरात में है. एक बहन की शादी हो गई है और वह असम में रहती है. शव का पंचनामा करवाया जा रहा है. पोस्टमॉर्टम पैनल के तहत किया जाएगा और उसकी वीडियोग्राफी कराई जाएगी.पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच जारी है. लोगों से पूछताछ हो रही है. फिलहाल कोई टिप्पणी करने से उन्होंने इनकार कर दिया. शरीर पर पूरे कपड़े थे. दुपट्टा भी था. घटना गंभीर है. पुलिस इस मामले के खुलासे में लगा है.उन्होंने कहा कि एसआ. ेजी और सर्विलांस टीम अपना काम कर रही है. इसके अलावा चार टीमें, स्थानीय थाना प्रभारी, स्थानीय क्षेत्राधिकारी और सर्विलांस की टीमें मामले की जांच करेंगी. इस मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी. सोशल मीडिया साइट एक्स पर सपा चीफ ने लिखा– बलिया से एक युवती के हाथ बांधकर हत्या के बाद पेड़ पर लटकाने की जो भयावह तस्वीर आयी है, वो बेहद दर्दनाक और दुखद है. जुल्म और गुनाह के मामले में उप्र की भाजपा सरकार जिस तरह हाथ बाँधे खड़ी है, अपराधियों का ये दुस्साहस उसी का नतीजा है.मैनपुरी सांदस डिंपल यादव ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि बलिया में युवती की हत्या कर पेड़ से शव लटकाने वाली ये घटना अत्यंत ही पीड़ादायक है। उत्तर प्रदेश में महिलाओं का ये हाल दुर्भाग्यपूर्ण है, हर स्त्री का आज मनोबल घट रहा है और दूसरी तरफ अपराध का स्तर निरंतर बढ़ रहा है। इस सरकार की कानून व्यवस्था की नींद पूरी हो गई हो तो वो जागे और धरातल पर आकर सच्चाई देखे, बलिया की इस बेटी और इसके परिवार को त्वरित न्याय हर हाल मे मिलना चाहिए

### बदायूं : कार में कासगंज के युवक का शव मिलने से हड़कंप...शीशा तोड़कर निकाला बाहर

थाना इस्लामनगर क्षेत्र में बिसौली रोड स्थित बनखंडी मंदिर के पास एक कार में युवक का गोली लगा शव मिला। शीशा तोड़कर शव बाहर निकाला गया। युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक दैवीय आपदा राहत विभाग में मुरादाबाद में तैनात थे।जिला कासगंज निवासी सुरजीत (32) पुत्र राम. निवास जिला मुरादाबाद के दैवीय आपदा राहत विभाग में तैनात है। परिवार के अनुसार सुरजीत शनिवार को वह साप्ता. हिक अवकाश के चलते घर आए थे। रविवार शाम वापस मुरादाबाद के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में मोबाइल से उनकी पत्नी से लगातार बातचीत हो रही थी, लेकिन अचानक उनका मोबाइल बंद हो गया। इससे चिंतित परिजनों ने मोबाइल ऐप की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस की और इस्लामनगर के बिसौली रोड स्थित बनखंडी मंदिर के पास पहुंचे। जहां सुरजीत की कार खड़ी मिली, लेकिन दरवाजे लॉक थे। परिजनों ने कार का शीशा तोड़ा और देखा कि सुरजीत को गोली लगी थी। उनके पास ही लाइसेंसी पिस्टल पड़ी थी। परिवार तत्काल उन्हें इस्लामनगर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से रेफर करने के बाद परिजन उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जगए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन उनकी मौत की वजह नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिसके रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 69,000 शिक्षक भर्ती सुनवाई टलने से भड़का अभ्यार्थियों का गुस्सा

69000 शिक्षक भर्ती में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं होने से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों में आक्रोश देखने को मिल रहा है, जिससे गुस्साए अभ्यार्थियों ने आज सोमवार को बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया. इस दौरान बड़ी संख्या में अभ्यार्थी मंत्री आवास पर पहुंचे और जोरदार नारेबाजी की. उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक भर्ती में बड़े स्तर पर अनियमितताएं हुई है और सरकार अपना पक्ष कोर्ट में रखने से बच रही है. अभ्यार्थी आज सुबह से ही मंत्री संदीप सिंह के आवास के सामने इकट्ठा होना शुरू हो गए, जिसके बाद उन्होंने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की, शिक्षक भर्ती को लेकर विरोध प्रदर्शन को देखते हुए मंत्री के आवास पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है. अभ्यर्थियों ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई जिस कारण से आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए. शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शनइस मामले की लंबी सुनवाई हाई कोर्ट में हुई और फैसला उनके पक्ष में आया. लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है.अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी पक्ष रखने से पीछे हट रही है. अभ्यर्थियों ने मांग की कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पैरवी करे और जल्द इस मामले का निस्तारण कराये. सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर अगली सुनवाई कल मंगलवार 25 मार्च को होनी है. योगी सरकार 8 साल मिसाल का नारा दे रही लेकिन इन अभ्यर्थियों का कहना है कि इनका 5 साल बेहाल रहा. धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि वर्ष 2018 में यह भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी. जब इसका परिणाम आया तो इसमें व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौ. करी देने से वंचित कर दिया गया. उन्होंने कहा कि एक लंबे आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने के बाद 13 अगस्त 2024 को लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया. लेकिन, सरकार इस प्रकरण में हीला हवाली करती रही और मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया. सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार लापरवाही कर रही है जिस कारण से आज हम लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा. हमारी यही मांग है की सरकार सुप्रीम कोर्ट में हमारी मजबूत पैरवी करें और हमें जल्द न्याय दिलाए.

### हिंदू किशोरी को बहला कर अपने साथ ले जाने के आरोपी शख्स ने लिखा– आई लव यू पाकिस्तान

बरेली जिले की इज्जत नगर पुलिस ने सोशल मीडिया पर 'आई लव यू पाकिस्तान' पोस्ट करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की. पुलिस ने यह जानकारी दी.इज्जतनगर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजेंद्र सिंह ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक इसरार अली को जानकारी मिली थी कि सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो रही है. इसके बाद छानबीन करने पर पता चला कि बरेली के थाना इज्जत नगर के शिकारपुर चौधरी गौटिया निवासी तबरेज आलम ने फेसबुक पर यह पोस्ट (आई लव यू पाकिस्तान) की है.इस पोस्ट के संदर्भ में 'अखंड भारत संकल्प नाथ नगरी 25' द्वारा किये गए पोस्ट में कहा गया कि इससे जनता में रोष व्याप्त है और भारतीय एकता व अखंडता को भारी आघात पहुंचा है. पोस्ट में कार्रवाई की मांग की गई.थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि इस कृत्य के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है. सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले तबरेज एक हिंदू किशोरी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया था. उन्होंने बताया कि किशोरी घर से जेवर और नकदी भी ले गई है.पुलिस के मुताबिक, तबरेज ने गाजियाबाद में लड़की का धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह करने और उसके टुकड़े–टुकड़े करने की धमकी दी है. पुलिस ने बताया कि इज्जतनगर थाने में किशोरी के पिता ने तबरेज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है. किशोरी की तलाश में पुलिस की टीम जगह–जगह दबिश दे रही है.सिंह ने बताया कि तबरेज की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होती हैं और इस मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है.

### केदारनाथ धाम में तीन फीट से अधिक बर्फ जमी, चारधाम यात्रा तैयारियों पर मंडराया संकट



उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी के कारण यात्रा तैयारियों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं. धाम में मार्च के पहले और दूसरे सप्ताह में हुई भारी बर्फबारी के कारण अभी भी तीन फीट से अधिक बर्फ जमी हुई है. पूरा मंदिर परिसर बर्फ से ढका हुआ है, जिससे आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों में बाधा उत्पन्न हो रही है. यात्रा शुरू होने में अब महज 39 दिन ही शेष रह गए हैं, लेकिन बर्फबारी से धाम में पुनर्निर्माण कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो गया है.केदारनाथ में हालात बेहद चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं. मार्च में हुई बर्फबारी के कारण धाम का मंदिर मार्ग, मंदिर परिसर और अन्य क्षेत्र पूरी तरह बर्फ से ढक गया है. भवनों की छतों पर भी बर्फ की मोटी परत जमा है, जिससे कई कैंप कार्यालय और आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा है.लोनिवि (लोक निर्माण विभाग) के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि भारी बर्फबारी के कारण कार्यदायी संस्थाओं के कई कैंप क्षतिग्रस्त हो गए हैं. एमआई–26 हेलिपैड के ऊपरी हिस्से में स्थित संस्थाओं के कैंप बर्फ के भार से टूट गए हैं. कार्यालय भवनों की छतें बर्फ के दबाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं.बर्फबारी के कारण केदारनाथ धाम में कई कार्यदायी संस्थाओं के कैंप को भारी क्षति पहुंची है. कैंप कार्यालयों और आवास भवनों की छतें बर्फ के भार से टूट गई हैं. फिलहाल धाम में जमी बर्फ के चलते क्षति का सही आकलन नहीं हो पा रहा है. अधिकारियों का कहना है कि बर्फ हटाने के बाद ही नुकसान का सही अनुमान लगाया जा सकेगा.वहां पहुंचने पर कर्मचारियों ने देखा कि कई भवनों और कैंपों को व्यापक क्षति पहुंची है.गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग पर भी बर्फबारी का प्रभाव पड़ा है. फिलहाल इस मार्ग को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है. कर्मचारियों ने बताया कि यदि मौसम ने साथ दिया तो अप्रैल के पहले सप्ताह तक पैदल मार्ग को पूरी तरह खोल दिया जाएगा. इसके लिए लगातार बर्फ हटाने का काम चल रहा है.केदारनाथ यात्रा की शुरुआत 2 मई 2025 को होनी है, लेकिन बर्फबारी के कारण तैयारियों पर संकट के बादल छाए हुए हैं. प्रशासन यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन भारी बर्फबारी और खराब मौसम के चलते कार्य धीमी गति से हो रहा है.बर्फ के कारण पुनर्निर्माण कार्य भी प्रभावित हुआ है. धाम में पुनर्निर्माण कार्य में लगी संस्थाओं को कैंपों के क्षतिग्रस्त होने के कारण काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है. वहीं, यात्रा मार्ग की मरम्मत और चौड़ीकरण कार्य भी बर्फबारी के कारण बाधित हो गया है.केदारनाथ में इन दिनों हर दूसरे–तीसरे दिन हल्की या भारी बर्फबारी हो रही है. अधिकतर समय बादल छाए रहते हैं, जिससे पहले से गिरी बर्फ नहीं पिघल रही है. मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक भी मौसम खराब रहने की संभावना है, जिससे यात्रा तैयारियों में और देरी हो सकती प्रशासन का कहना है कि मौसम में सुधार होने पर तैयारियों में तेजी लाई जाएगी. पुनर्निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं.केदारनाथ धाम में बर्फबारी के कारण यात्रा तैयारियों में आ रही बाधा से स्थानीय लोगों में भी चिंता है. यात्रा पर उनकी रोजी–रोटी निर्भर करती है, लेकिन मौसम की मार से तैयारियों में हो रही देरी से वे परेशान हैं. स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही मार्ग दुरुस्त नहीं किया गया तो यात्रा संचालन में कठिनाई हो सकती है.

प्रशासन ने आगामी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं को सतर्क रहने की सलाह दी है. खराब मौसम के चलते यात्रियों को उचित तैयारी के साथ यात्रा पर निकलने की अपील की जा रही है.हालांकि बर्फबारी के बावजूद यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने और व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य जारी है. प्रशासन का कहना है कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी आवश्यक सुविधाओं को सुचारु कर दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो.

केदारनाथ धाम में बर्फबारी से यात्रा तैयारियों पर संकट गहरा गया है. भारी बर्फबारी से धाम में कैंप और आवासीय भ. वनों को क्षति पहुंची है, जबकि यात्रा मार्ग को खोलने का कार्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है. प्रशासन ने तैयारियों में तेजी लाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर दिया है. स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि मौसम जल्द सुधरेगा और यात्रा सुचारु रूप से संचालित होगी.

### बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती ने मनुस्मृति को लेकर बड़ा बयान

सोशल मीडिया साइट एक्स पर मायावती ने मनुस्मृति से जुड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बाबा साहेब को इसका पूरा पूरा ज्ञान था.उन्होंने लिखा कि मनुस्मृति का बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर को पूरा ज्ञान था. उनकी अनुयायी व बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी इसका पूरा ज्ञान है. तभी इस व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाकर यहाँ दुःखी व पीड़ितों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए बीएसपी की स्थापना की गई है, यह भी सर्वविदित है.पूर्व सांसद ने लिखा– कांग्रेस, बीजेपी व अन्य किसी भी पार्टी को उनके राजनैतिक स्वार्थ में, खासकर आरक्षण को लेकर अपने देश के संविधान को किसी भी कीमत पर बदलने नहीं देंगे तथा जरूरत पड़ने पर इसके विरुद्ध बी.एस.पी. संघर्ष के लिए भी तैयार है.राज्य में योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर बसपा चीफ ने कहा कि साथ ही, यू.पी. में बीजेपी सरकार का 8 वर्षों का शासनकाल, जनता की उम्मीद के हिसाब से पूरे तौर से खरा नहीं उतरा है. कानून–व्यवस्था के मामले में तो स्थिति काफी ज्यादा खराब रही है, जिससे जनता काफी दुःखी है. इस ओर सरकार जरूर ध्यान दे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि आठ वर्ष पहले उप्र को एक 'बीमारू' राज्य और देश के विकास में अवरोधक माना जाता था, लेकिन अब यही उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के विकास का इंजन बनकर उभरा है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस उप्र को आठ वर्ष पहले केवल एक श्रम शक्ति के रूप में लोग जानते थे वह अब अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है.योगी यहां लोक भवन (मुख्यमंत्री कार्यालय) में अपनी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर अपने दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत अन्य सहयोगियों के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. कुछ वर्ष पहले चार राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश) के लिए 'बीमारू' शब्द का इस्तेमाल किया गया था जो कथित तौर पर आर्थिक विकास, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और अन्य मामलों में काफी पिछड़े थे.

# अपर आयुक्त ने सोमवार को डीडीयू पहुँच पंजीयन काउंटर पर व्यवस्थाओं का किया गोपनीय निरीक्षण

## सीएमएस को काउंटर पर क्यूआर कोड संचालन एवं छुट्टा धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा विगत दिनों डीडीयू चिकित्सालय में पर्चा शुल्क संबधी समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त प्रशासन अरूण कुमार को उक्त प्रकरण की गोपनीय जांच करने के निर्देश दिए गए।मण्डलायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अपर आयुक्त ने सोमवार को कमिश्नरी कार्मिक उपवन जैन व प्रदीप कुमार के साथ पंजीकरण काउंटर पहुँच पुरूष व महिला लाइन में हो रहे पंजीकरण एवं लिए जा रहे पंजीयन शुल्क की गोपनीयता से जांच की। इस दौरान शासन द्वारा निर्धारित दर 01 रूपये पर ही सभी मरीजों के पर्चे बनाए जा रहे थे। किसी भी मरीज या तीमारदार से अतिरिक्त शुल्क लिए जाने का कोई प्रकरण संज्ञानित नहीं हुआ। निर्धारित दर की पुष्टि के लिए कार्मिक उपवन जैन द्वारा स्वयं 100 रूपये का नोट देकर पर्चा बनवाया गया जिस



पर उन्हें 99 रूपये वापस दिए गए।अपर आयुक्त ने सीएमएस डीडीयू डा0 एम0के0 माथुर को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में क्यूआर कोड व्यवस्था का संचालन किया जाए ताकि मरीज या तीमारदार के पास खुले रूपये न होने पर उन्हें पंजीयन शुल्क के भुगतान के लिए किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने इसके साथ पंजीयन काउंटर पर कार्मिकों को नियमित रूप से छुट्टा धनराशि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

## डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक आहुत की गई। डीएम ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। डीएम ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए विभागीय समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करें। डीएम ने खाद्य कारोबारियों को अधिनियम के तहत पंजीकृत किए जाने के निर्देश दिए।सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड टू दीनानाथ ने वर्ष 2024–25 में हुई कार्यवाही से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में 3166 छापामार कार्यवाही करते हुए 826 नमूने संग्रहीत किए गये। 666 नमूने की जांच प्राप्त हो गई है जिनमें से 250 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। 89 असुरक्षित, 22 मिथ्या छाप पाए गए। उन्होंने बताया कि 418 वाद माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय एवं 157 वाद माननीय न्यायिक न्यायालय में दायर किए गये हैं। उन्होंने बताया कि माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय द्वारा 368 मुकदमे निर्णीत किए गए एवं 89,94,000 का



अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया जबकि माननीय न्यायिक न्यायालय द्वारा 15 वाद निर्णीत कर 02 लाख 55 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। विशेष अभियानों के तहत खाद्य पदार्थों के 934 नमूने संग्रहीत कर जांच कराई गई, जिसमें से 885 मानक के अनुरूप पाए गए। बैठक में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के लिए आसान परीक्षण के संबंध में भी उपभोक्ताओं को उपयोगी जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा दूध, घी–मक्खन, आइसक्रीम, खाद्य तेल, मसाले, केसर, अनाज व दालें, सूजी–मेंदा, फल–सब्जियां, चीनी, नमक, मिठाई, शहद, कॉफी पाउडर एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट को जांचने के विषय में बताया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी खाद्य कारोबारियों, रेस्टोरेंट व होटल संचालक एवं अन्य को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। संपूर्ण प्रक्रियाआनलाइन है।औषधि निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि इस वर्ष 172 निरीक्षण, 21 छापे एवं 308 नूमने विभिन्न दवा प्रतिष्ठानों से लिए गए, जिसमें से 21 नमूने अधोमानक मिलने पर न्यायालय में वाद दायर किया गया।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीआईओएस डा0 सर्वदानंद, सदस्य कैमिस्ट एसोशिएशन राकेश गुप्ता समेत अधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में बांग्लादेश से नकली नोटों की तस्करी करने वाले 3 शातिर तस्करों को एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए किया गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में बांग्लादेश से नकली नोटों की तस्करी करने वाले 3 शातिर तस्करों को एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 500–500 के नकली नोटों को गड्डियां में 77 हजार रुपए के नकली नोट, 5 मोबाईल फोन, स्कूटी भी बरामद किए हैं। नकली नोट गैंग के खिलाफ एक्शन को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। ये तस्कर बांग्लादेश से नकली नोट मंगाते हैं। मालदा रूट का उपयोग करते हैं। पहले भी मालदा रूट से नकली नोटों की खेप देश में आने की बात सामने आ चुकी है।अलीगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली नोटों की तस्करी करने वाले है। सूचना मिलने के बाद रोरावर थाना पुलिस और एसओजी टीम ने आरोपियों को गोंडा रोड हाईवे पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बांग्लादेश से नकली नोट लेकर आते थे और इसे सप्लाई करते थे।लंबे समय से कर रहे कारोबार दरअसल, थाना रोरावर पुलिस ने नकली नोट का काम करने वाले जिला कासगंज के थाना गंजगुंडवारा के गांव गणेशपुर निवासी जिकरुल हसन उर्फ रॉकी पुत्र अहमद हसन और बारिक पुत्र



शहजाद शेख को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के साथ पुलिस ने अलीगढ़ के रोरावर थाना शाहजमाल निवासी नाजिम पुत्र यूनूस अल्वी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लंबे समय से नकली नोट का काम कर रहे थे।पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि वह बांग्लादेश निवासी अबू जलाल नाम के व्यक्ति से नकली नोट खरीदते थे। बांग्लादेश से खरीदे गए यह नोट मालदा के रास्ते अलीगढ़ आते हैं। इसमें पश्चिम बंगाल के कुछ लोग भी शामिल हैं,जिनके माध्यम से यह पूरा नेटवर्क संचालित होता है।वह कम रुपए देकर यह नोट लाते थे और फिर इसे दुकानों पर धीरे–धीरे चलाते थे। इसके अलाव वह इन नोटों की सप्लाइ भी करते थे।एएसपी ने दी जानकारी एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि अलीगढ़ में कई बार नकली नोट पकड़े गए हैं। हालांकि, अब से पहले पकड़े गए नोटों में फर्क बताना काफी आसान था। कई नोट राष्ट्रीय मनारंजन बैंक लिखे हुए भी रहे हैं। लेकिन, इन आरोपियों से बरामद नोट हूबहू असली जैसे हैं। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह नकली नोट लेकर आते थे।पुलिस ने बताया कि तस्कर नकली गड्डी के ऊपर एक असली नोट रखकर इसे आसानी से चला देते थे। लोग भी इन नोटों में फर्क नहीं बता पाते थे। पुलिस अभी इन लोगों से जानकारी जुटा रही है कि इन संपर्क तार किस–किस से जुड़े हुए है। इसको लेकर जांच शुरू की गई है।

## जिले में 99 स्वीकृत प्रकरणों के लाभार्थियों से संपर्क के लिए पुलिस, पंचायतीराज, नगर निकाय एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग के दिए निर्देश

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण के लिए संचालित रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष योजना की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं व बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलम्बन के प्रति संवेदनशील है। महिला कल्याण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मिशन शक्ति अभियान के साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने बताया कि योजना के तहत जिले में अब तक 1254 प्रकरण निर्णीत हुए हैं जबकि 99 ऐसे प्रकरण हैं जो समिति द्वारा विगत विभिन्न बैठकों में स्वीकृत कर दिए गए हैं, परन्तु लाभार्थियों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए ऐसे सभी स्वीकृत लाभार्थियों को अनिवार्य रूप से लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों तक पहुँच बनाने के लिए पुलिस, जिला पंचायतीराज विभाग, नगरीय निकायों एवं ग्राम प्रधानों का सहयोग लिया जाए।बैठक में रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष का लाभ दिलाए जाने के लिए 114 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिसमे से 44 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। डीएम ने कहा कि स्वीकृत मामलों की पैरवी करते हुए जल्द से जल्द पीड़ितों को लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा

कि चिन्हित किये जाने वाले प्रकरणों में संवेदनशीलता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें क्योंकि पीड़ित को समय से न्याय न मिलना एक प्रकार से उसके साथ अन्याय ही है। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर प्रकरण को लम्बित न रखा जाए, ऐसा पाए जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, एसपीओ सत्यानंद सिंह, सीओ यातायात जयशंकर मिश्र, डिप्टी सीएमओ डा0 खान चन्द, नोडल चिकित्साधिकारी समन जुबैरी, नोडल महिला चिकित्सालय डा0 रजनी गुप्ता उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने पर सहकारी समितियों पर होंगी संगोष्ठियां एआर कॉपरेटिव ने तीन दिवसीय रोस्टर जारी कर दिए दिशा–निर्देश

अलीगढ़ केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 08 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 25, 26 एवं 27 मार्च को आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत सहकारी समितियों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता कृष्ण कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 25 मार्च को बैंक मुख्यालय जलाली, अकराबाद, अतरौली, सांकरा, रूखाला, नाया, गोरई, नवीन साथा, सोमना, खैर, टप्पल, 26 मार्च को नहरा, जुलूपुर सिंहौर, मण्डनपुर, गहतोली, हरदोई, गंगीरी, गिडौरा, जवां, चण्डौस, अण्डला, जट्टारी एवं 27 मार्च को अलीगढ़ पूर्वी, दिहौली, गोपी, मलहपुर, दादों, बरला, इगलास, जगनेर, बरौली, कोरह रूस्तमपुर, गौमत व बैना समितियों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।एआर कॉपरेटिव ने बताया कि संबंधित शाखा प्रबंधक खाताधारकों के खाता खोले जाने, नवगठित डेयरी समितियों को पासबुक वितरण, मत्स्य पालकों व पशुपालकों को केसीसी व ऋण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे।

## कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में 27 मार्च को लगेगा ईट–राइट मेला

जिलाधिकारी प्रातः 07 बजे एसबीआई मुख्य शाखा तिराहे से वाकाथान को दिखाएंगे हरी झण्डी अलीगढ़ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 27 मार्च को ईट–राइट मेला कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने के साथ ही प्रातः 07 बजे एसबीआई मुख्य शाखा तिराहे से वाकाथान को जिलाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। वाकाथान सेंटर प्वाइंट चौराहा, लक्ष्मीबाई मार्ग, जवाहर चौराहा होते हुए कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर पर समाप्त होगा।

## सिद्धदोष बंदी रईस की मृत्यु के प्रकरण में एसीएम प्रथम जांच अधिकारी नामित

अलीगढ़ रू जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा वरिष्ठ जेल अधीक्षक के अनुरोध के क्रम में सिद्धदोष बंदी रईस पुत्र अजीज आयु लगभग 52 वर्ष निवासी ग्राम सुदेशपुर थाना चण्डौस की मृत्यु के प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम सुधीर कुमार को जांच अधिकारी नामित किया गया है।अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रथम सुधीर कुमार ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि उक्त घटना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई लिखित या मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 26 मार्च सांय 05 बजे तक कलैक्ट्रेट स्थित नवीन भवन कमरा नंबर 39 में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

## वृहद रोजगार मेला क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में 26 मार्च को

अलीगढ़ क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 26 मार्च को प्रातः 10 बजे से वृहद रोजगार मेला का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। मेले में 05 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर लगभग 400 रिक्त पदों पर चयन किया जायेगा।जिला सेवायोजन अधिकरी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में विजन इण्डिया सर्विस नोयडा, टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर अलीगढ़, पोस्टेरिटी प्रा0लि0 नोयडा, ईएफएस प्रा0 लि0 सुड़ियाल एवं अन्य के द्वारा मार्केटिंग, अकाउण्टेन्ट, प्रोडक्शन एसोसिएट, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स, वेलनेस एडवाईजर, सुपरवाईजर, स्टोर इंचार्ज, पैकिंग इंचार्ज, टेलीकालर के पदों पर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटैक, बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल तवर. हंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद एवं ूदबे.हवअ.पद पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त पोर्टल पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर पायेंगे। रोजगार मेले में सभी आवेदित अभ्यर्थी अपने साथ पंजीयन कार्ड (एक्स–10), समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटो एवं मूल प्रति, फोटो आई0डी0, 02 फोटो एवं रिज्यूम लेकर अवश्य आयें। रिक्तियों का विस्तृत विवरण सेवायोजन पोर्टल पर देखें किसी भी असुविधा के लिये सेवायोजन कार्यालय से एवं दूरभाष नंबर 0571–2403304 एवं 9639188583 पर सम्पर्क करें।

## देहदान कर्तव्य संस्था ने ग्रामीण इलाके में नेत्रदान , देहदान एवं रक्तदान के लिए भी किया जागरूक

देहदान कर्त्तव्य संस्था ने नेत्रध्देहध्रक्तदान हेतु जागरूक किया देवपुरा रोड सोमना आयोजित ठाकुर कृष्ण कुमार के के एम सीड्स उद्घाटन समारोह में जागरूक किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ एस के गौड़ ने कहा कि रक्तदान में एक यूनिट से चार लोगों के सहयोगी बनते हैं।रक्तदानी व्यक्ति की रोग से लड़ने वाली क्षमता (इम्यून शक्ति)भी बढ़ती है जिससे रोगी नहीं हो पाता। इसके अलावा मन को सुकून मिलता है कि मानवीयता हेतु मेरे द्वारा द्वारा भी कुछ हो गया। इसके साथ ही नेत्रध्देह दान के प्रति जागरुक कर विस्तृत जानकारियां सरल भाषा में दीं। एडवोकेट अनिल राज गुप्ता ने कहा कि आप सभी पुण्य का कार्य कर आए हैं। मानवीयता हेतु सहयोगी बनना भी सर्वोत्तम पूजा है। अतः मलखान हॉस्पिटल से आई टीम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। यहां 21 यूनिट खून एकत्रित हुआ। देहदान कर्तव्य संस्था के सदस्य भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार आज संस्था ने 93बां नेत्रदान सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक कराया। डॉ सुनील कुमार (अध्यक्ष हैंडस फॉर हेल्प) का फोन डॉ गौड़ को आया कि मित्र नगर निवासी सुशील उपाध्याय की माता 75 वर्षीय राम किशोरी का नेत्रदान होना है। डॉ गौड़ ने जे एन मैडिकल कॉलेज नेत्र विभाग के रजत सक्सैना से संपर्क किया। उन्होंने अविलम्ब टीम के सहयोग से मानवीय कदम को अंजाम दिया। इस अवसर पर उपस्थित पारिवारिक व अन्य लोगों को संबोधित करते हुए नेत्रदान हेतु जागरूक किया। डॉ गौड़ ने लोगों का आह्वान करते हुए अपना मोबाइल नम्बर दिया और कहा कि केवल आप सूचित करें शेष कार्य निर्विघ्न संस्था करेगी।इस अवसर पर सह सचिव रक्त वीर अजय सिंह, अरुण, कैप्टन दुष्यंत सिंह, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , साहिल, अजय राणा, सत्य नारायण दीक्षित,सभासद योगेश सिंघल, ममता सिंह एडवोकेट सौरभ अग्रवाल भुवनेश शर्मा, प्रोफेसर ए के अमिताव, प्रोफेसर जिया सिद्दीकी, डॉ मुहम्मद शाकिब,डॉ दीपक, डॉ जुनैद आलम आदि उपस्थित थे ।

# प्रोफेसर रजनीश कांड अब एसआईटी करेगी विवेचना, छह प्रोफेसर-दो कर्मियों से होगी पूछताछ

हाथरस के पीसी बागला डिग्री कॉलेज के निलंबित प्रोफेसर पर लगे छात्राओं के यौन शोषण और अश्लील वीडियो बनाने के प्रकरण में अब एसआईटी विवेचना करेगी। जिसके लिए आठ सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है, जिसके द्वारा साक्ष्य संकलन, पूछताछ, लोगों के बयान आदि किए जाएंगे।प्रोफेसर पर दर्ज मुकदमों की विवेचना, साक्ष्य जुटाने व पीड़िताओं से बात करने के लिए एसपी स्तर से एसआईटी का गठन किया गया है। आठ सदस्यीय इस एसआईटी द्वारा विवेचना पूरी कर मजबूत चार्जशीट बनाकर कोर्ट में पेश की जाएगी। ताकि सजा कराने में आसानी हो सके।छात्राओं के यौन शोषण मामले में प्रा. ेफेसर रजनीश कुमार के जेल जाने के साथ ही लगातार शिकायती पत्रों के आने का सिलसिला जारी है। पुलिस को अब तक पांच शिकायती पत्र प्राप्त हो गए हैं। पुलिस अब इन शिकायती पत्रों के जरिए पीडिताओं की पहचान करने में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक पुलिस को कोई पीडिता नहीं मिल सकी है। इधर, पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं के यौन शोषण मामले में साक्ष्य संकलन के साथ साथ केस डायरी को मजबूती के साथ बनाने के लिए आठ सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। इस टीम में एसओजी, साइबर सेल के एक्सपर्ट व विवेचक शामिल किए गए हैं यह टीम अब प्राप्त वीडियो के आधार पर जल्द से जल्द केस डायरी को तैयार करेगी। उससे पहले प्रोफेसर को रिमांड



पर लिया जाएगा। साथ में अन्य साक्ष्य जुटाने के लिए छात्राओं से भी वार्ता की जाएगी।इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आठ सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है, जिसके द्वारा साक्ष्य संकलन, पूछताछ, लोगों के बयान आदि की प्रक्रिया पूरी कर मजबूती से केश डायरी बनाकर चार्जशीट दाखिल की जाएगी। ये टीम छात्राओं से बातचीत के भी प्रयास करेगी।–चिरंजीवनाथ सिन्हा, एसपीछह

प्रोफेसरों सहित आठ कर्मचारियों से होगी पूछताछसपी स्तर से बनाई गई एसआईटी ने पीसी बागला कॉलेज के छह प्रोफेसरों व दो कर्मचारियों को पूछताछ के लिए चिह्नित किया है। इन प्रोफेसरों में कुछ भ. ूगोल विभाग के हैं, जो आरोपी रजनीश के साथ रहते थे। कुछ अनुशासन विभाग के हैं, जो उसके करीबी थे। साथ में भूगोल विभाग के प्रयोगशाला सहायक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को इस सूची में शामिल किया गया है। इन सभी आठ से पूछताछ के लिए सवालों की सूची बनाई गई है। उिनको अगर इसकी भनक थी तो उन्होंने आज तक इसे उजागर किस वजह से नहीं किया। छात्राओं के यौन शोषण में फंसे पीसी महाविद्यालय के प्रोफेसर रजनीश कुमार पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का शिकंजा कसता ही जा रहा है। अब जांच कमेटी ने महाविद्यालय प्रशासन को भी अपने शिकंजे में लेने की तैयारी कर ली है। विगत में हुई शिकायत पर महाविद्यालय द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट एसडीएम ने मांगी है। इसके बाद से महाविद्यालय प्रशासन की सांसे अटक गई हैं। हालांकि इस मामले में विगत में जांच टीम ने प्रोफेसर, प्राचार्य और छात्राओं के बयान दर्ज किए थे। इस जांच रिपोर्ट में उस दौरान क्या स्थिति रखी थी, यह जल्द ही सामने आएगा। प्रशासन द्वारा रिपोर्ट तलब किए जाने के बाद कॉलेज प्रशासन परेशान है।

## हाथरस की एमपी–एमएलए कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी।



हाथरस की एमपी–एमएलए कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में अगली सुनवाई 24 अप्रैल को होगी। बूलगढ़ी गांव के रामकुमार उर्फ रामू ने यह परिवाद दाखिल किया है।परिवादी का आरोप है कि राहुल गांधी ने 12 दिसंबर 2024 को बूलगढ़ी गांव का दौरा किया। उन्होंने अपने एक्स अक. ाउंट पर एक पोस्ट किया। इसमें न्यायालय से दोषमुक्त हुए युवकों को गैंगरेप का आरा. ेपी बताया। यह पोस्ट कोर्ट के 2 मार्च 2023 के निर्णय के बाद किया गया।परिवादी का कहना है कि वह न्यायालय के निर्णय के बाद सामान्य जीवन जी रहा था। उसे समाज में खोया सम्मान वापस मिल गया था। राहुल गांधी के पोस्ट से उसकी प्रतिष्ठा को फिर नुकसान पहुंचा है। यह पोस्ट देश–विदेश में वायरल हुआ।परिवादी के हो चुके हैं बयान... इस मामले में परिवादी रामकुमार के बयान पहले ही दर्ज हो चुके हैं। आज गवाहों के बयान होने थे। लेकिन व्यस्तता के कारण गवाह कोर्ट नहीं आ सके। परिवादी के वकील मुन्ना सिंह पुंडीर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया की व्यस्तता के चलते परिवादी के गवाहों की आज न्यायालय में गवाही नहीं हो सकी। अब इस मामले में 24 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी।

## हाथरस में विश्व टीबी दिवस का आयोजंन किया गया।



मेरा युवा भारत और नेहरू युवा केंद्र हाथरस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व टीबी दिवस का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी दिव्या शर्मा के निर्देशन में एसपी इंटर कॉलेज में यह कार्यक्रम हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य भुवनेश शर्मा ने स्वामी विवेकानंद को माल्यार्पण कर किया। युवा मंडल अध्यक्ष कपूरा रामू दीक्षित ने बताया कि दुनियाभर में हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है।इस वर्ष की थीम है – शहां! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैंश। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी के नियंत्रण में हुई प्रगति को रेखांकित करना है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है। समय पर पहचान होने पर इसका पूरी तरह इलाज संभव है।युवाओं ने बढ़–चढ़कर लिया हिस्सा कार्यक्रम में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पल्लवी श्रोती ने प्रथम, हर्ष कुमार ने द्वितीय और घनश्याम गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में खुशबू, पल्लवी, मोहन, राधिका, श्याम, राहुल, चेतना, गिरिराज, रोहन, राजन, सौरभ, अमित, शालू, शालिनी सहित कई युवा मौजूद रहे।

## अलीगढ़ ब्रास स्टेचू एंड आर्ट वेयर सप्लायर एसोसिएशन का होली मिलन पारिवारिक कार्यक्रम आगरा रोड स्थित ग्रीन व्यू रिसोर्ट में आयोजित हुआ

अलीगढ़ ब्रास स्टेचू एंड आर्ट वेयर सप्लायर एसोसिएशन का होली मिलन पा. रिवारिक कार्यक्रम आगरा रोड स्थित ग्रीन व्यू रिसोर्ट में आयोजित हुआ । कार्यक्रम का उदेश्य एसोसिएशन के प्रत्येक सदस्य का आपस में परिवार के साथ परिचय जिससे परिवार के सदस्यों में व्यापार के साथ साथ पारस्पर सामाजिक सहभागिता भी जाग्रत हो । सभी के परिचय के साथ श्री विनीत प्रकाश गुप्ता जी द्वारा गायत्री मंत्र का भावार्थ के साथ पठान किया गया तदुपरांत संरक्षक श्री विपिन विहारी गुप्ता व श्री विष्णु अग्रवाल जी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारम्भ हुआ । अध्यक्ष हनुमन्त राम गाँधी द्वारा सभी का स्वागत किया गया और संगठन की कार्य प्रणाली संगठन के अब तक के प्रयास और आगे कैसे सभी इस को आगे बढ़ायेंगे इस से सभी को अवगत कराया । उन्होंने कहा की हमारा प्रयास आने बाली अपनी युवा पीढ़ी को और अधिक मजवूत करके व्यापार में लगाना हे जिससे हम नई टेक्नोलॉजी व एक नए शिक्षित व्यापारी अपने कारोबार में जोड़ सके जिससे हम माननीय प्रधानमंत्री जी के देश के स्वप्न की और अग्रसर हो सकें । महामंत्री कपिल वर्षणीय ज्ञ ज्ञ ने संगठन की गत वर्ष के सभी कार्यों से सभी को अबगत कराया । उन्होंने कहा हमारा संगठन कारोबारियों की मदद के साथ साथ सामाजिक सहायता कार्य भी साल भर करता रहता है । कोषाध्यक्ष श्री मोहित राठी ने सभी आगंतुकों को संगठन के गत सत्र का पूर्ण विवरण दिया । संयुक्त महामंत्री श्री योगेश कुमार गुप्ता ने सभी आगंतुकों का पटका पहना कर स्वागत किया । कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक श्री अशोक यादव, विपिन विहारी गुप्ता, विष्णु अग्रवाल ने सभी का मार्गदर्शन किया । उपाध्यक्ष श्री संजीव गुप्ता ने सभी को फूलों की होली खिलवाकर पूरे कार्यक्रम को होली मेय कर दिया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री मनोज अग्रवाल, धर्मेंद्र अग्रवाल, राजेश शर्मा, राहुल गुप्ता, तरुण गुप्ता, अशोक कुमार, अनिल कुमार, राकेश प्रजापति, बिशम्भर दयाल, यतेंद्र कुमार, हिमांशु अग्रवाल, दिनेश यादव, केदारी लाल आदि उपस्थित रहे ।

## सादाबाद तहसील के सीएचसी सादाबाद और सहपऊ में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मेले का आयोजन किया गया

सादाबाद तहसील के सीएचसी सादाबाद और सहपऊ में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मेले का आयोजन किया गया। मेले में 216 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण और जांच की गई।सहपऊ सीएचसी में 76 और सादाबाद सीएचसी में 140 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। इनमें से सहपऊ से 71 और सादाबाद से 126 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा गया। 28 महिलाएं उच्च जोखिम गर्भावस्था में पाई गईं। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में प्रसव कराने की सलाह दी गई।सभी गर्भवती महिलाओं को दवाएं, फल और आयरन की गोलियां वितरित की गईं। हर महीने की 1, 9, 16 और 24 तारीख को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह मेला लगता है। मेले में रजिस्ट्रेशन, अल्ट्रासाउंड और अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।स्त्री रोग विशेषज्ञ और स्टाफ नर्स महिलाओं की जांच कर उनकी स्थिति के अनुसार दवाएं देते हैं। पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं का इस योजना के तहत पंजीकरण किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पंजीकरण कराने पर सरकार की ओर से 3000 रुपये की राशि और पोषण सामग्री दी जाती है।

## सादाबाद में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के विवादित बयानों को लेकर विरोध प्रदर्शन

सादाबाद में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ ने. ताओं के विवादित बयानों को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के राज्यसभा में दिए गए बयान और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा शिवाजी महाराज के बारे में की गई टिप्पणी से ला. ेगों में रोष है।कस्बे में विरोध स्वरूप जुलूस निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने सपा ने. ताओं का पुतला दहन किया। सिसोदिया समाज और महाराणा प्रताप सेना ने दोनों नेताओं के सादाबाद में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। संगठनों का कहना है कि जब तक नेता माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि सपा नेताओं ने पूर्वजों का अपमान किया है। संगठनों का आरोप है कि मुगलों और अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास के साथ छेड़छाड़ की है। उन्होंने मांग की कि नेता इतिहास का सही अध्ययन करें।प्रशासन और पुलिस स्थिति पर नजर रख रही है। अधिकारियों को आशंका है कि विरोध उग्र रूप ले सकता है। इसलिए संगठनों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर आज अलीगढ़ जनपद में बढ़ते जल संकट पर चिंतन करने के लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन



विश्व जल दिवस के अवसर पर आज अलीगढ़ जनपद में बढ़ते जल संकट पर चिंतन करने के लिए एक विचार गोष्ठी का आयोजन मैरिस रोड स्थित धरमपुर कोर्टयार्ड में हुआ । गोष्ठी की अध्यक्षता हरितमा पर्यावरण सुरक्षा समिति के संरक्षक सुबोध नंदन शर्मा ने की । इस अवसर पर गोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि पानी का हमारे जीवन में अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है उसके बगैर हमारी कोई भी दैनिक क्रिया व भोजन पकाने की क्रिया संभव नहीं है वर्तमान समय में जल का संकट बढ़ने के आसार बन रहे हैं इस स्थिति में जल संरक्षण की अत्यंत ही आवश्यकता है क्योंकि यदि हम लोग जल संरक्षण की ओर ध्यान नहीं देंगे तो पानी का संकट झेलना पड़ेगा इसके लिए हमें पानी को व्यर्थ में बहने की प्रवृत्ति को बंद करना होगा और जो पुराने जलाशय हैं उनके संरक्षण पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा । इसके साथ–साथ भूजल स्तर बढ़ने के लिए बरसात के पानी को संचित करने के लिए नए जलाशय का निर्माण करना होगा तभी हम लोग सर पर मंडरा रहे जल संकट के खतरे का सामना कर पाएंगे । गोष्ठी में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी जल संरक्षण के उपायों पर विशेष रूप से जोर दिया पानी का संकट झेलना पड़ेगा इसके लिए हमें पानी को व्यर्थ व्यर्थ में बहने की प्रवृत्ति को बंद करना होगा और और जो पुराने जलाशे हैं उनके संरक्षण पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा इसके साथ–साथ भूजल स्तर बढ़ने के लिए बरसात के पानी को संचित करने के लिए नए जलाया जलाशय का निर्माण करना होगा तभी हम लोग सर पर मंडरा रहे जल संकट के खतरे का सामना कर पाएंगे । गोष्ठी में उप. स्थित अन्य वक्ताओं ने भी जल संरक्षण के उपायों पर विशेष रूप से जोर दिया । इस अवसर पर उपस्थित । इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों मे शालिनी चौहान, डा नीलम पाराशर, डा कंचन राघव, डा शम्भू दयाल रावत, मजहर उल कमर, राजीव चौहान, प्रदीप रावत, डूंगर सिंह, डा शंकर लाल, ओमप्रकाश जी, नवीन कुमार बिट्टू, शाहिद खान, रईस गाजी, नादिर खान, गजेंद्र तिवारी, सुनील कुमार आदि थे ।






# शुगर के मरीजों के लिए सेफ हैं ये मिठाइयां

## डायबिटीज के मरीजों को उन चीजों को खाना चाहिए, जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम और फाइबर ज्यादा



शुगर यानी डायबिटीज के मरीजों को कुछ भी खाने से पहले हजार बार सोचना पड़ता है. खासकर मिठाइयां या कोई मीठी चीज. क्योंकि जरा सी लापरवाही से ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकता है. इसी डर से उन्हें अपने मन को मानकर मीठे से दूरी बनानी पड़ती है लेकिन कई बार क्रेविंग इतनी ज्यादा हो जाती है कि खुद को रोक पाना मुश्किल होता है. इसके लिए आप ऐसी मिठाइयां खा सकते हैं, जो सही तरीके से बनाई जाएं और उनमें नेचुरल स्वीटनर्स का इस्तेमाल किया जाए. ये शुगर पेशेंट के मीठे की क्रेविंग तो खत्म करते ही हैं, हेल्दी भी होते हैं और ब्लड शुगर को भी कंट्रोल में रखते हैं.शुगर के मरीजों के लिए सेफ मिठाइयां गुड़ और नारियल से बनी लड्डूगुड़ नैचुरल स्वीटनर होता है और यह ब्लड शुगर को धीरे–धीरे बढ़ाता है, जिससे अचानक ग्लूकोज स्पाइक नहीं होता. नारियल में फाइबर और हेल्दी फैट होते हैं, जो इसे और भी हेल्दी बनाते हैंबनाने का तरीकागुड़ को हल्की आंच पर पिघला लें.उसमें कद्दूकस किया हुआ नारियल मिलाएं.इस मिश्रण को ठंडा होने के बाद छोटे–छोटे लड्डू के आकार में बना लें. शुगर–फ्री बेसन के लड्डू डबेसन में प्रोटीन और फाइबर होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में मदद करता है. इसे शुगर–फ्री या स्टीविया से बनाया जा सकता है.बनाने का तरीका सबसे पहले घी में बेसन भूनें स्टीविया पाउडर और कटे हुए मेवे डालें अब मिश्रण से लड्डू बना लें. ओट्स और ड्राई फ्रूट्स बर्फी ओट्स में हाई फाइबर होता है, जो शुगर कंट्रोल में मदद करता है. इसमें मौजूद ड्राई फ्रूट्स नेचुरल मिठास देते हैं, जिससे एक्स्ट्रा चीनी की जरूरत नहीं होती है बनाने का तरीक. ।ओट्स को भूनकर पाउडर बना लें.इसमें खजूर का पेस्ट और कटे हुए मेवे मिलाएं. इस मिश्रण को सेट होने दें.अब बर्फी के टुकड़ों में काट लें. रागी हलवा रागी लो–ग्लाइसेमिक इंडेक्स (ळप्) फूड है, जो धीरे–धीरे ग्लूकोज रिलीज करता है, जिससे शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है. रागी के आटे को हल्के घी में भूनें स्टीविया या गुड़ डालेंदूध मिलाकर अच्छी तरह पकाएं. इसे तैयार होने पर ड्राई फ्रूट्स से गार्निश कखजूर और नट्स की एनर्जी बॉल्सखजूर में नेचुरल मिठास होती है. यह फाइबर से भरपूर होता है, जिससे ब्लड शुगर नहीं बढ़ता है. इससे बनी मिठाई शुगर पेशेंट्स के लिए सेफ होती है. बनाने का तरीकासबसे पहले खजूर, बादाम, अखरोट और काजू को मिक्सी में पीस लें. इसे छोटे–छोटे बॉल्स के रूप में बना लें और स्टोर कर दें.जब मन करें ये मिठाई खा सकते हैं चिया सीड्स और कोको पुि. डंगचिया सीड्स में फाइबर और ओमेगा–3 फैटी एसिड होते हैं, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं. इससे बनी मिठाई शुगर पेशेंट्स के लिए अच्छी होती है. इससे अपनी क्रेविंग शांत कर सकते हैं.बनाने का तरीकासबसे पहले दूध लें.इसमें चिया सीड्स और कोको पाउडर डालें.अब स्टीविया मिलाकर रातभर फ्रिज में रख दें. अगले दिन इसे खाएं.

## मुम्बई की 60 साल पुरानी गुजराती स्नैक शॉप है मुकेश अंबानी और एमएफ हुसैन की पहली पसंद

मुंबई की चहल–पहल भरी गलियों में 60 साल पुरानी गुजराती स्नैक्स की दुकान छिपी हुई है. जो मुकेश अंबानी और दिवंगत एम.एफ. हुसैन जैसे दिग्गजों की पसंदीदा है. अपने प्रामाणिक स्वाद और कालातीत व्यंजनों के लिए मशहूर यह साधारण भोजनालय एक पसंदीदा स्थल बन गया है. पारंपरिक स्नैक्स पेश करने वाले ये स्नैक्स पुरानी यादों को उत्कृष्टता के साथ मिलाते हैं. यह उन लोगों के लिए जरूर जाना चाहिए जो गुजरात के अविस्मरणीय स्वाद की तलाश में हैं. मुंबई के ऐतिहासिक ताड़देव इलाके की जीवंत अस्त–व्यस्त गलियों में 110 वर्ग फुट का एक छोटा सा भोजनालय 1963 में खुला, जिसने शहर के लजीज परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया. स्वाति स्नैक्स, मीनाक्षी झावेरी द्वारा स्थापित एक पाक रत्न, एक अकेली मां की दृढ़ भावना से उभरा, जो अपने बच्चों के लिए भोजन उपलब्ध कराना चाहती थी और एक ऐसी विरासत बनाना चाहती थी जो पीढ़ियों तक चलती रहे. रेस्तरां की प्रतिष्ठा ने संरक्षकों की एक प्रभावशाली श्रृंखला को आकर्षित किया है. एशिया के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी ने घोषणा की कि उनके परिवार की तीन पीढ़ियां हर हफ्ते स्वाति स्नैक्स से ऑर्डर किए बिना नहीं रह सकतीं. महान कलाकार एम.एफ. हुसैन हर रविवार की शाम को सेव–पूरी खाने के लिए आते थे, जबकि तबला वादक जाकिर हुसैन उनकी दही–बटाटा पूरियां खाने के लिए जाने जाते थे.गुजराती व्यंजनों पर आधारित स्वाति स्नैक्स एक विविधतापूर्ण मेनू प्रदान करता है जो पारंपरिक अपेक्षाओं से परे है. उनका सिग्नेचर डिश, पनकी – केले के पत्ते में भाप से पका हुआ एक नाजुक चावल का पैनकेक – 2000 में पेश किया गया था और अब यह प्रतिदिन लगभग 600 प्लेट बेचता है. रेस्तरां में पुदीना पनकी, सुवा (डिल) पनकी और पनकी उत्तपम जैसे संस्करण हैं. पीढ़ियों से चला आ रहा यह रेस्टोरेंट मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा संचालित उद्यम रहा है. 1979 में मीनाक्षी झावेरी के निधन के बाद उनकी बेटी आशा ने इसे संभाला और खाना बनाना न जानने के बा. वजूद कारोबार को बदल दिया. 2000 में रेस्टोरेंट को आधुनिक रूप दिया गया, जिसमें चमकीले पीले रंग की प्लेटें और खुली रसोई शामिल की गई. जबकि इसका मूल सार बरकरार रखा गया. स्वाति स्नैक्स ने उल्लेखनीय पहचान अर्जित की है. इसे एशिया के 50 सर्वश्रेष्ठ रेस्टोरेंट द्वारा एसेंस ऑफ एशिया संग्रह में शामिल किया गया है. रविंदर भोगल और प्रतीक साधु जैसे मिशेलिन–स्टार शेफ ने रेस्टोरेंट की प्रशंसा की है. और हाल ही में जब एप्पल के सीईओ टिम कुक को स्टोर में वड़ा पाव का आनंद लेते हुए फोटो खिंचवाते हुए देखा गया, तो इसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया.

## सैंडविच के शौकीन देख लें दुनिया के टॉप–50 सैंडविच की लिस्ट, चेक करें टॉप–5 डिशेज में आपने क्या–क्या चखा?

दुनिया में कई तरह के फूडी लोग होते हैं और सबका अपना कंफर्ट फूड होता है. हालांकि, एक कॉमन कंफर्ट फूड आइटम की बात हो तो सैंडविच का जिक्र सबसे पहले आता है. इसका कारण है सैंडविच के साथ होने वाले एक्सपेरीमेंट. वेजीटेरिन इसे अपने तरीके से बनाते हैं तो नॉनवेज के शौकीनों का अपना तरीका होता है. कुल मिलाकर बच्चों से लेकर यंगस्टर्स तक को सैंडविच खूब भाती है. यहां तक कि कई घरों में सुबह के नाश्तें में सैंडविच जरूर शामिल होती है. दुनियाभर में सैंि. डवच बनाने के सैकड़ों तरीके हैं और यह आइटम स्वाद की दुनिया में इतना हिट है कि स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े–बड़े रेस्टोरेंट में जरूर मौजूद रहती है. दो ब्रेड के टुकड़ों के बीच स्वाद के अनूठे संगम को जायकों की दुनिया में सैंडचिव कहते हैं. आप भारत में रहते हों या फिर विदेश में, सैंडविच हर जगह उपलब्ध है और इसे खाने के शौकीनों की भी कमी नहीं है. हालांकि, इसे बनाने के तरीके अलग–अलग हो सकते हैं. दुनिया के टॉप–50 बेस्ट सैंडविच की लिस्ट में भारतीय जायके की भी एंट्री हुई है. मुंबई में फेमस स्ट्रीट फूड आइटम वड़ा पाव को भी टेस्ट एटलस ने दुनिया की टॉप–50 बेस्ट सैंडविच की लिस्ट में शामिल किया गया है. इस लिस्ट में वड़ा पाव को 4.2 रैंकिंग के साथ 39वां स्थान दिया गया है. यह लगातार दूसरी बार है जब वड़ा पाव इस लिस्ट में शामिल हुआ है. इससे पहले 2024 में वड़ा पाव का लिस्ट में 19वां स्थान था. हालांकि, इस बार इसकी रैंकिंग में गिरावट आई है और यह खिसककर 39वें नंबर पर पहुंच गई है.

## दुनिया के टॉप–100 रेस्तरां में आता है मुरथल का अमरीक सुखदेव,जानें यहां बनने वाले पराठों की खासियत



अगर आपको भी स्वादिष्ट खाने का शौक है तो एक बार हरियाणा के मुरथल जरूर जाएं. सोनीपत में बसी इस जगह का अमरीक सुखदेव ढाबा अपने पराठों के लिए दुनियाभर में फेमस हो गया है. यहां का वर्ल्ड क्लास पराठा खाकर आपका मन खुश हो जाएगा. इसे दुनिया की टॉप–100 रेस्तरां में शामिल किया गया है. ट्रैवल ऑनलाइन गाइड टेस्ट एटलस की जगह में मुरथल का अमरीक सुखदेव ढाबा का नाम भी है टेस्ट एटलस की लिस्ट में मुरथल का यह प्रसिद्ध ढाबा 23वें नंबर पर है. ट्रैवल गाइड में बताया गया कि सड़क के किनारे एक छोटे से खाने के स्टॉल के रूप में शुरुआत के बाद से अमरीक सुखदेव ढाबा दिल्ली–अंबाला नेशनल हा. ईवे पर अब सबसे खास जगह बन गई है. ये ढाबा प्रकाश सिंह के बेटों अमरीक और सुखदेव के नाम पर बनाया गया है.इस ढाबे को प्रसिद्धि मिलने का कारण यहां का आलू परांठा है. मसालेदार आलू के साथ यहां पर मक्खन लगी रोटी मिलती है, जिसे अचार के साथ खाने का अपना ही मजा है. यह अपने देसी स्वाद के लिए जाना जाता है. इस डिश ने अमरिक सुखदेव ढाबा दुनियाभर में फेमस हो गया है. इस ढाबे पर मिलने वाले पराठों की खासियत है कि यहां ढेर सारा मक्खन अलग से खाने में दिया जाता है. दही और अचार अपनी मर्जी से ऑर्डर कर सकते हैं. यहां सिर्फ आलू पराठा ही नहीं मिलता बल्कि आप गोभी और आलू की अलग–अलग वैरायटी वाले पराठे, स्टफिंग पराठे खा सकते हैं. यहां की कुल्हड़ वाली चाय और इस पर ऊपर से डाला जाने वाला केसर काफी स्वादिष्ट है. ऐसे में जब भी कभी इस रास्ते से गुजरना हो तो एक बार इस ढाबे पर जरूर ठहरें और यहां के टेस्टी परांठों का स्वाद जरूर उठाएं.

## नवरात्र के उपवास में साबूदाने की खिचड़ी, सिंघाड़े या कट्टू के आटे की पूरी और आलू की सब्जी के अलावा कई तरह के फलाहार बना सकते हैं

चौत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं. 7 अप्रैल तक चलने वाले इस 9 दिनों के उत्सव में देवी मां की आराधना की जाती है. इस दौरान व्रत रखे जाते हैं और विधिवत पूजा–पाठ की जाती है. नवरात्र के उपवास में साबूदाने की खिचड़ी, सिंघाड़े या कट्टू के आटे की पूरी और आलू की सब्जी के अलावा कई तरह के फलाहार बना सकते हैं, जो टेस्टी होने के साथ ही पौष्टिक भी होते हैं. अगर आप या फैमिली में कोई भी इस बार नवरात्रि में व्रत रखने जा रहा है तो उनके लिए साबूदाने की स्वादिष्ट खिचड़ी या कट्टू के आटे की पूरी बना सकते हैं. आइए जानते हैं इनकी आसान रेसिपी... साबुदाना खिचड़ी

साबुदाना खिचड़ी व्रत के दौरान सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले फलाहारों में से एक है. यह हल्का, स्वादिष्ट और एनर्जी से भरपूर होता है. यह पेट को लंबे समय तक भरा रखता है और आसानी से बन भी जाता है.सामग्रीरूकप साबुदाना (भिगोया हुआ,उबले आलू (कटे हुए)2 टेबलस्पून मूंग. फली (भुनी हुई) हरी मिर्च (कटी हुई)1ध्2 चम्मच जीरा1 टेबलस्पून देसी घी?सेंधा नमक स्वादानुसार,टेबलस्पून धनिया पत्ता (कटा हुआ1 टेबलस्पून नींबू का रस साब. ुदाने को 4–5 घंटे या रातभर भिगोकर रखें, फिर एक्स्ट्रा पानी निकालकर अलग रखें. एक पैन में घी गर्म करें और उसमें जीरा डालें.हरी मिर्च और उबले आलू डालकर हल्का भूनें.अब इसमें भिगोया हुआ साबुदाना डालें और धीमी आंच पर पकाएं.सेंधा नमक और भुनी हुई मूंगफली डालकर अच्छे से मिलाएं.5–7 मिनट तक पकाने के बाद गैस बंद करें और ऊपर से नींबू का रस और धनिया डालें.गरमा–गरम साबुदाना खिचड़ी सर्व करें.स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें हल्का सा नारियल पाउडर या कद्दूकस नारियल भी डाल सकते हैं कुट्टू के आटे से बनी पूरी भी व्रत में खूब पसंद की जाती है. यह कुरकुरी और स्वादिष्ट होती है और इसे आलू की सब्जी के साथ खाया जाता है. इन पूरियों को बनाना भी काफी आसान है और इसे घर पर काफी टेस्टी बना सकते हैं.1 कप कुट्टू का आटा 2 उबले आलू (मैश किए हुए)सेंधा नमक स्वादानुसार1/2 चम्मच काली मिर्च पाउडर 1ध्2 कप पानी (जरूरत के अनुसार)तलने के लिए देसी घी या मूंगफली का तेल एक बर्तन में कुट्टू का आटा लें और उसमें मैश किए हुए उबले आलू मिलाएं.इसमें सेंधा नमक, काली मिर्च पाउडर और हरा धनिया डालकर मिलाएं.थोड़ा–थोड़ा पानी डालते हुए आटा गूंध लें (आटा ज्यादा सख्त न हो).आटे को 10 मिनट के लिए ढककर रख दें.अब आटे की छोटी–छोटी लोइयां बनाकर बेलें.कढ़ाही में घी गरम करें और पूरी को गोल्डन ब्राउन होने तक तल लें.गरमा–गरम पूरी को आलू की सब्जी या दही के साथ सर्व करें.अगर आप पूरी को हेल्दी बनाना चाहते हैं, तो इसे तवे पर हल्का सा सेंक भी सकते हैं.

## नसों में जम चुका है जिद्दी कोलेस्ट्रॉल? खून के संचार में डाल रहा बाधा

आजकल की खराब जीवनशैली और खानपान कई बीमारियों की वजह बन रहा है. शरीर में कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना इनमें से एक है. कोलेस्ट्रॉल शरीर में तभी तक ठीक है जब तक कंट्रोल में है, अनकंट्रोल होने पर कई अंग गंभीर प्रभावित हो सकते हैं. खानपान से जुड़ी इस बीमारी को कंट्रोल करने के लिए लोग तमाम महंगी दवाओं का सेवन करते हैं. लेकिन, हेल्थ एक्सपर्ट की मानें तो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने का एक सिंपल फॉर्मूला है हेल्दी डाइट. वैसे तो कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में कई फूड प्रभावी हैं, लेकिन कुछ फल अधिक फायदेमंद हो सकते हैं. अब सवला है कि आखिर कोलेस्ट्रॉल है क्या? कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से किन बीमारियों का खतरा? शरीर में नॉर्मल कोलेस्ट्रॉल की मात्रा क्या होती है? हाई कोलेस्ट्रॉल में कौन से फल खाने चाहिए?कोलेस्ट्रॉल हमारे खून में पाया जाने वाला एक मोम जैसा पदार्थ है, जो हमारी बॉडी में सेल्स और हार्मोन्स का निर्माण करते हैं. जब हम ऑयली और मसालेदार फूड्स का अधिक सेवन करते हैं तो शरीर में फैट जमा होने लगता है, जिससे ब्लड वेसेल्स में ब्लॉकेज बढ़ने लगती है. ऐसे में हाई बीपी, हार्ट अटैक और तमाम कोरोनरी डिजीज का खतरा बढ़ सकता है. कोलेस्ट्रॉल की मात्रा 200 उहध्कस् से कम होने पर इसे नॉर्मल माना जाता है. इससे ज्यादा होने पर हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या हो जाती है. यदि शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाए, तो कई अंग बुरी तरह प्रभावित हो जाते हैं. इस स्थिति में विटा. मिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सिडेंट और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर फल नसों में जमे फैट को पिघलाने में मदद कर सकते हैं. अनाररू अनार जूस में पॉलिफिनॉल्स नामक एंटीऑक्सीडेंट अन्य जूस की तुलना में अधिक होता है. ये एंटीऑक्सीडेंट हार्ट को एक सुरक्षा देते हैं. साथ ही, लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल) को कम करते हैं. ऐसे में ये सभी तत्व फैट को पिघलाने में मदद करते हैं. आप इसे फ्रूट सलाद में या जूस के रूप में ले सकते हैं.तरबूजरू तरबूज में कई तरह के विटामिन्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होते हैं. तरबूज में विटामिन सी और पोटै. शियम होने से फैट को पिघलाने में आसानी होती है. आप इसे खासकर गर्मियों में खाएं. तरबूज में पाया जाने वाला लायकोपीन अंटीऑक्सिडेंट्स होता है, जो शरीर को फैट को पिघलाने में मदद करता है.केलारू केला कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड लेवल कम करने में प्रभावी है. बता दें, केले में कैल्शियम और मैग्नीशियम की पर्याप्त मात्रा होती है जो बढ़े कोलेस्ट्रॉल को अवशोषित कर लेती है. यही कारण है कि केला हार्ट को हेल्दी रखने में सहायक है. इसमें सौल्यूबल फाइबर भी होता है जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने की क्षमता रखता है.सेबरू कोलेस्ट्रॉल कम करने में सेब सबसे ज्यादा कारगर होता है. सेब में पेक्टिन नामक एक फाइबर होता है, जो फैट को पिघलाने में मदद कर सकता है. इसके अलावा, सेब में पॉलीफेनोल्स होते हैं जो हमारे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकते हैं.अंगूररू अंगूर का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रहता है. यह शरीर के अंदर फैट को पिघलाने में मदद करता है. अंगूर रक्तप्रवाह में मिल जाते हैं और सभी खराब कोलेस्ट्रॉल को लिवर में ले जाते हैं जहां से इसे आगे प्रोसेस किया जाता है.

## फ़र्श पर गिरा हुआ खाना कितना सुरक्षित, क्या 5 सेकेंड से पहले उठाने पर नहीं होता कीटाणुओं का हमला?

कई रिसर्च में पता चला है कि जैसे ही कोई चीज फर्श पर गिरती है, बैक्टीरिया तुरंत उस पर चिपक सकते हैं. 2016 में रटगर्स यूनिवर्सिटी (त्नजहमते न्दपअमतेपजल) के एक अध्ययन में पाया गया कि बैक्टीरिया खाने की सतह पर मिलिसेकेंड्स यानी 1 सेकेंड से भी कम समय में ट्रांसफर हो सकते हैं. अमेरिकन काउंसिल ऑन साइंस एंड हेल्थ के एक रिसर्च में कहा गया है कि जमीन या सरफेस पर खाने की चीज गिरने के तुरंत बाद ही बैक्टीरिया समेत अन्य हानिकारक कीटाणु और जीवाणु के संपर्क में आ सकती है.जर्नल्स में पब्लिश अप्लाइड एंड एनवायरमेंटल माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट की इस रिपोर्ट में बताया गया कि कोई भी चीज जितने कंटेमिनेटेड सरफेस पर गिरेगी, उसका संक्रमित होने का चांस उतना ही ज्यादा रहता है.फर्श पर गिरा खाना कितना सुरक्षित भले ही फर्श आपको साफ दिखे, लेकिन माइक्रोस्कोपिक जीवाणु और गंदगी वहां मौजूद हो सकती है. .गीले या चिपचिपे फूड्स जैसे फल, डेयरी प्रोडक्ट्स, सॉस जल्दी संक्रमित हो सकते हैं.पके हुए और कच्चे फूड्स में बैक्टीरिया ज्यादा पैदा हो सकते हैं, खासकर अगर वे कमरे के टेंपरेचर पर न हों.क्या करना चाहिएअगर खाना फर्श पर गिर जाए, तो उसे खाने से बचें, खासकर अगर सतह साफ न हो.अगर जरूरी हो तो उसे धोकर और अच्छी तरह पोंछकर खाएं.बच्चों को फर्श पर गिरी चीजें खाने से रोकें.फर्श को नियमित रूप से साफ रखें और बैक्टीरिया फैलाने वाले कारणों को कंट्रोल करें.